अहिंसा के पुजारी के सामने हिंसा, सरेराह मारपीट की वारदात

खास बातें

- एक माह में चार वारदातें आईं सामने
- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आती पुलिस
- हल्की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

नवभारत न्यूज

विदिशा 20 जुलाई,अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने ही हिंसा की तस्वीरें सामने आ रही हैं. सोमवार की शाम को गांधी चौक पर ब्रिज के नीचे चौपाटी पर ठेला लगाने वाले दुकानदारों के बीच किसी बात का लेकिन विवाद हुआ और यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों की तरफ से जमकर लाठी और डंडे चले.इस विवाद को देखने के लिए सैकड़ों लोगों का हुजूम ब्रिज और चौराहे पर लग गया.

पिछले एक माह के दौरान सरेराह मारपीट और हिंसक घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली है . शांत स्वभाव और सौहार्दपूर्ण माहौल के लिए पहचाने जाने वाले शहर का बदलता मिजाज अब चिंता का विषय बनता जा रहा है . आए दिन सामने आ रहे मारपीट, गदर और लाठी-डंडों से हमले के मामलों ने आम नागरिकों में असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है . पिछले एक माह में चार ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें युवा खुलेआम सड़क पर मारपीट करते और कानून व्यवस्था को चुनौती देते नजर आए . इन घटनाओं के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने संबंधित मामलों में कार्रवाई तो की, लेकिन लोगों का कहना है कि कार्रवाई इतनी प्रभावी नहीं रही कि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके.

पहला मामला रेलवे स्टेशन के पास शेरपुरा क्षेत्र का था, जहां कुछ युवकों ने एक व्यक्ति के साथ बेरहमी से मारपीट की . घटना का वीडियो वायरल होने के बाद रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की .**दूसरी घटना** स्वर्णकार कॉलोनी स्थित एक कोचिंग सेंटर के बाहर हुई, जहां छात्रों के दो गुटों के बीच विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया . इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और लोगों ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए .

तीसरा मामला निकासा क्षेत्र का था, जिसमें कुछ युवक हथियार लहराते हुए दिखाई दिए . वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की, लेकिन घटना ने शहर में दहशत का माहौल बना दिया .

चौथी घटना सोमवार शाम गांधी प्रतिमा के पास सामने आई, जहां ठेला संचालकों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया . मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है . लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं . नागरिकों का कहना है कि यदि शुरुआती मामलों में सख्त और प्रभावी कार्रवाई होती तो शायद इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होती . लोगों ने शहर में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि विदिशा का शांतिपूर्ण माहौल फिर से कायम रह सके. इस मामले में कोतवाली टीआई आनंद राज का कहना है कि मामले में पांच लोगों से पूछताछ की जा रही है.विवेचना के बाद आगे की कार्यवाही नियमनुसार की जाएगी.

खेत में ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की संदिग्ध मौत

- देर रात खेत में मिला ट्रैक्टर के नीचे दबा शव
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगी आगे की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

हैदरगढ़ 20 जुलाई,थाना क्षेत्र के कोलुआ धामनोद गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई . घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया . जानकारी के अनुसार घटना देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच की बताई जा रही है .

मृतक की पहचान नितेश यादव पिता रूप सिंह यादव उम्र 35 वर्ष निवासी कोलुआ धामनोद के रूप में हुई है . बताया जा रहा है कि खेत में ट्रैक्टर के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई . घटना की सूचना मिलते ही हैदरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया .पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है . फिलहाल पुलिस घटना को संदिग्ध मानते हुए सभी संभावित पहलुओं से जांच कर रही है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके .एडिशनल एसपी मोनिका तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है . पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी .

आंदोलनरत छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र पर हमला-अवस्थी

नवभारत न्यूज

विदिशा . जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी ने पेपर लीक के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की निंदा की है . उन्होंने कहा कि अपनी मेहनत और भविष्य की रक्षा के लिए आवाज उठा रहे छात्रों की बात सुनने के बजाय बल प्रयोग करना दुर्भाग्यपूर्ण है . अवस्थी ने कहा कि सरकार को पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों . उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए .

बंद पड़े अंजुमन मुईनुल इस्लाम स्कूल की जांच और पुन : संचालन की मांग

- शिक्षा विभाग और वक्फ बोर्ड से भी मांगी जानकारी

नवभारत न्यूज

विदिशा,शहर के किले अंदर स्थित मुगल टोला के बंद पड़े अंजुमन मुईनुल इस्लाम स्कूल की जांच कराकर उसे पुनः संचालित किए जाने की मांग उठी है.

इस संबंध में विदिशा निवासी अनस खान ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विद्यालय की वर्तमान स्थिति की जांच कराने तथा यदि कानूनी एवं प्रशासनिक रूप से संभव हो तो उसे दोबारा शुरू कराने का अनुरोध किया है. अनस खान ने बताया कि यह विद्यालय कई वर्षों से बंद पड़ा है, जिससे क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई है . उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति, संस्था या विभाग पर आरोप लगाना नहीं है, बल्कि विद्यालय से जुड़े सही और तथ्यात्मक तथ्यों को सामने लाना तथा जनहित में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक पहल करना है. उन्होंने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एवं मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड को भी पत्र और ईमेल के माध्यम से आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा सहयोग देने का अनुरोध किया है . साथ ही विद्यालय की वर्तमान स्थिति और बंद होने के कारणों की जांच कराने की मांग की है.

खाद्य प्रतिष्ठानों और मेडिकल स्टोरों का होगा सघन निरीक्षण

नवभारत न्यूज

विदिशा . कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों और मेडिकल स्टोरों का नियमित निरीक्षण कर अनियमितता मिलने पर लाइसेंस निलंबित या निरस्त करने के निर्देश दिए हैं . समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा . साप्ताहिक रिपोर्ट के अनुसार 19 निरीक्षण किए गए, जिनमें दो लाइसेंस निलंबित और एक लाइसेंस निरस्त किया गया .

नटेरन में ब्लॉक कांग्रेस की बैठक, संगठन मजबूती पर हुआ मंथन

गांव-गांव कांग्रेस की विचारधारा पहुंचाने का दिया गया संदेश

एकजुट होकर संगठन विस्तार पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

नटेरन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक नटेरन में आयोजित की गई . बैठक में जिला कांग्रेस प्रभारी राजेश रघुवंशी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष कमल सिलाकारी, संगठन महामंत्री गोविंद भार्गव, विधानसभा प्रभारी निर्मल पुरोहित, पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह यादव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र सिंह बन्ना सहित नटेरन ब्लॉक के पदाधिकारी, मंडलम अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस प्रभारी राजेश रघुवंशी ने संगठन को मजबूत करने, आपसी समन्वय एवं एकता के साथ कार्य करने पर जोर दिया . उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव पहुंचकर कांग्रेस की विचारधारा और पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया . साथ ही संगठन विस्तार और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया .बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर भी चर्चा की गई . वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया .कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद शर्मा ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया .

निष्ठावान अधिकारियों से मजबूत होता है देश- डॉ . निवेदिता शर्मा

- छह दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों को मिले सफलता के मंत्र
- डिप्टी कलेक्टर मोतीलाल अहिरवार ने बड़े सपने देखने और मेहनत का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

विदिशा . शासकीय आदर्श महाविद्यालय, जाफरखेड़ी में आयोजित छह दिवसीय प्रशासनिक सेवा मार्गदर्शन कार्यशाला के प्रथम दिवस विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवाओं में सफलता के गुर बताए गए . कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर मोतीलाल अहिरवार एवं मध्यप्रदेश शासन के बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद किया .

डिप्टी कलेक्टर मोतीलाल अहिरवार ने कहा कि बड़े सपने देखिए, उनका दृढ़ता से पीछा कीजिए और उन्हें साकार कीजिए . प्रशासनिक अधिकारी बनने का यही मूल मंत्र है . उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतिभा की खान बताते हुए कहा कि सफलता का सबसे मजबूत आधार नियमित अध्ययन, पुस्तकों से जुड़ाव और निरंतर अभ्यास है . इस दौरान विद्यार्थियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, विषय चयन एवं प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने विस्तार से उत्तर दिया .कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. निवेदिता शर्मा ने कहा कि देश और समाज को निष्ठावान, संवेदनशील एवं ईमानदार अधिकारियों की आवश्यकता है . उन्होंने विद्यार्थियों से पहले अच्छा इंसान बनने का आह्वान करते हुए कहा कि एक अच्छा व्यक्ति ही बेहतर प्रशासनिक अधिकारी बन सकता है .

विशिष्ट अतिथि इंदल धाम के पीठाधीश्वर रेवारामजी ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, सेवा भावना और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी .कार्यक्रम का स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ब्रह्मदीप अलूने ने दिया . उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. शिखा दुबे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. संजय शर्मा ने किया .आयोजकों ने बताया कि कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी दीपिका गौतम एवं डीएसपी वीरसिंह चौहान विद्यार्थियों से संवाद करेंगे . छह दिवसीय कार्यशाला का समापन शनिवार को होगा .

तहसीलदार पलक पिडिहा ने 'भारत की बेटी' गीता का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

गुलाबगंज . मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर 'भारत की बेटी' गीता का तहसील कार्यालय में तहसीलदार श्रीमती पलक पिडिहा ने सम्मान किया . उन्होंने गीता की उपलब्धि की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.

सम्मान समारोह के बाद तहसीलदार श्रीमती पलक पिडिहा स्वयं गुण सागर विद्या विहार हायर सेकेंडरी स्कूल, गुलाबगंज पहुंचीं . यहां उन्होंने गीता को स्नेहपूर्वक वस्त्र एवं मिठाई भेंट कर सम्मानित किया तथा हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया . उनके आत्मीय व्यवहार से भावुक हुई गीता ने कहा कि उन्हें पलक पिडिहा में अपनी बड़ी बहन जैसा स्नेह और अपनापन महसूस हुआ.गीता ने अपनी शिक्षा गुण सागर विद्या विहार हायर सेकेंडरी स्कूल, गुलाबगंज से प्राप्त की है . अपनी मेहनत और लगन के बल पर उसने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल कर विद्यालय के साथ पूरे क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित किया है .कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश रघुवंशी, क्षेत्रीय विधायक मुकेश तंडन, जनपद पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश लोधी, गुलाबगंज सरपंच श्रीमती पूजा गावरी, ओमप्रकाश गावरी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के शामिल होने की संभावना है .

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्थाओं पर प्रशासन सख्त, निरीक्षण में मिलीं खामियां

नवभारत न्यूज

पठारी नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया . तहसीलदार प्रेमलता पाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कराया, जिसमें समाचारों में उजागर की गई कई खामियां सही पाई गईं.

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाओं की कमी और आवश्यक संसाधनों के अभाव की स्थिति सामने आई . इसके बाद तहसीलदार ने निरीक्षण रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजकर आवश्यक कार्रवाई के लिए अवगत कराया है .इधर, कुरवाई के बीएमओ डॉ. प्रमोद दीवान ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि निरीक्षण केवल औपचारिकता तक सीमित रहा और व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर कोई ठोस पहल दिखाई नहीं दी . निरीक्षण के संबंध में बीएमओ अथवा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका .स्थानीय लोगों का कहना है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए पर्याप्त पलंग तक उपलब्ध नहीं हैं . जानकारी के अनुसार केंद्र में केवल चार पलंग ही मौजूद हैं, जिससे भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है .नगरवासियों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक संसाधन, पर्याप्त पलंग, दवाइयों एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की शीघ्र व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें .

नीट परीक्षा में प्रियांशु का चयन, मंदिर परिसर में हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

विदिशा . नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रियांशु सोनी ने अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का नाम रोशन किया है . इस उपलब्धि पर कुंमवेश्वर महादेव मंदिर, रॉयल सिटी परिसर में उनका तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया .इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने प्रियांशु सोनी को नीट परीक्षा में चयन होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की . वक्ताओं ने कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है.सम्मान समारोह में नीलेश साहू, अमित दुबे, राजेंद्र राय, राकेश सोनी, सुनील मालवीय, बलराम सिंह यादव उपस्थित रहे.

कार्यवाही — अस्थायी दुकानों को हटाने के लिए दी एक घंटे की मोहलत, वर्षों से बने अस्थायी आहाते पर नगरपालिका की कार्रवाई

बाल विहार के पास शराब दुकान के बाहर हटाया अतिक्रमण,दो गुमठियां जब्त

नवभारत न्यूज

विदिशा, शहर के बाल विहार क्षेत्र स्थित शराब दुकान के बाहर लंबे समय से फैले अतिक्रमण पर सोमवार को नगर पालिका ने कार्रवाई करते हुए अस्थायी दुकानों और गुमठियों को हटाया . कार्रवाई से पहले नगर पालिका के अमले ने मौके पर मौजूद लोगों को एक घंटे की मोहलत दी, ताकि वे अपना सामान स्वयं हटा सकें . निर्धारित समय समाप्त होने के बाद अमले ने कार्रवाई करते हुए दो गुमठियों को जब्त कर लिया.जानकारी के अनुसार शराब दुकान के बाहर कई वर्षों से अस्थायी आहाता बना हुआ था. यहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में सुरा प्रेमियों की महफिल सजती थी, जिससे आसपास के क्षेत्र में गंदगी, अव्यवस्था और लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता था. स्थानीय नागरिक लंबे समय से इस अतिक्रमण को हटाने की मांग कर रहे थे. नगर पालिका की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और पहले समझाइश देकर अतिक्रमण हटाने की अपील की . एक घंटे का समय दिए जाने के बाद भी जिन लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अस्थायी दुकानों को जब्त कर लिया गया. इस दौरान जेसीबी की मदद से सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया .कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई . नगर पालिका अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा . शहर में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत आगे भी ऐसे स्थानों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी.